प्रेस विज्ञप्ति

अयोध्या हवाईअड्डा उड़ान संचालन के लिए पूरी तरह तैयार, डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस प्राप्त किया जाना।

नई दिल्ली, 14 दिसंबर, 2023: आगामी अयोध्या हवाई अड्डे को सभी मौसम की स्थिति के लिए सार्वजनिक उपयोग श्रेणी में डीजीसीए द्वारा एयरोड्रम लाइसेंस प्रदान किया गया है। श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा वि प्रा) द्वारा 14 दिसंबर 2023 को श्री विक्रम देव दत्त, महानिदेशक, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नई दिल्ली से लाइसेंस प्राप्त किया गया।

यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है क्योंकि परियोजना समयबद्ध थी और हवाईअड्डा दुनिया भर के उन लोगों की सुविधा के लिए चालू होगा जो मंदिर शहर, अयोध्या की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं।

हवाई अड्डे के पास संपूर्ण एयरोनॉटिकल ग्राउंड लाइट्स (एजीएल) बुनियादी ढांचे सहित 2200 मीटर लंबा रनवे है और यह डॉपलर वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनी रेंज (डीवीओआर) और इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) द्वारा समर्थित है। हवाई अड्डा दिन और रात के परिचालन के साथ-साथ 550 मीटर से अधिक की कम दृश्यता की स्थिति के दौरान भी उपयुक्त होगा। इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए भा वि प्रा और डीजीसीए दोनों अधिकारियों द्वारा सम्मिलित रूप से सहयोग किया गया।

बहुप्रतीक्षित अयोध्या हवाई अड्डे में 6500 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाला एक टर्मिनल भवन होगा, जो व्यस्ततम समय के दौरान 600 यात्रियों और सालाना 10 लाख यात्रियों को संभालने के लिए सुसज्जित होगा।

निगमित संचार निदेशालय, भा वि प्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: जीएम (सीसी)
011-24622787 प्रेस विज्ञप्ति संख्या 28/2023-24